यूपी में 41 हजार सिपाहियों की भर्ती को मंजूरी पेज13 | दाल, सब्जियों में नरमी से खाद्य महंगाई में गिरावट पेज17

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बरेली, उत्तर प्रदेश, 16 पृष्ठ, नगर www.livehindustan.com

गौतम की गंभीर सलाह

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि डोपिंग हर खेल के लिए खतरनाक है चाहे वह क्रिकेट हो या एथलेटिक्स। खिलाड़ियों को इससे दूर ही रहना चाहिए।

Dated - 18/05/12

समस्याओं को सुलझा सके वहीं सही शोध : डॉ. सुमन

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे इंस्पायर इंटरनशिप-2012 के तहत गुरुवार को भी दो विशेषज्ञों ने शोध के नए क्षेत्रों और और शोध की जरूरतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पहले विशेषज्ञ जवाहर लाल नेहरू चिल्ड्रन साइंस प्रदर्शनी के रिसोर्स परसन डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा थे, जबकि दूसरे विशेषज्ञ के रूप में दिल्ली के एक एनजीओ से जुड़ी पद्मश्री डॉ. सुमन सहाय थी।

कार्यक्रम के तीसरे दिन की शुरुआत में डॉ. लक्ष्मीपति शर्मा ने विद्यार्थियों को विज्ञान के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सफल शोध के लिए पांच भागों इमेजिनेशन, नॉलेज, क्रिएशन, स्कील और एक्शन को जरूरी बताया। उन्हें विद्यार्थियों से कई सवाल किए और जवाब के साथ ही उनकी शंकाओं का समाधान भी किया।

डॉ. शर्मा ने नमक में आयोडीन का प्रयोग करने और पानी में विषाणु को मापने का किट दिखाया। इसी तरह दूसरे सेशन में डॉ. सुमन सहाय ने कई उदाहरणों के साथ शोध की बारीकियों और वर्तमान में शोध के क्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि जेनेटिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में होने शोध समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए, क्योंकि इन शोध कार्यों में काफी धन खर्च होता है। उन्होंने कहा कि शोध उसी क्षेत्र में होना चाहिए, जो सीधे तौर पर हमारी आज की समस्याओं को सुलझाने में कारगर हो सके।